Regarding need to ensure supply of DAP to farmers-Laid

श्री बाबू सिंह कुशवाहा (जौनपुर) **:** इस समय रबी फसल की बुवाई का सीजन चल रहा है, और किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही है । सरकारी वितरण केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं ने किसानों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है । किसान दिनभर लाइन में खड़े रहते हैं, परंतु शाम होते-होते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है । ऐसा भी देखने में आया है कि सरकारी केंद्रों पर उपलब्ध खाद को प्राइवेट डीलरों को बेच दिया जाता है, जिससे जरूरतमंद किसानों तक खाद नहीं पहुंच पाती । खाद वितरण में कुछ वर्ग और जाति विशेष के लोगों को भी प्राथमिकता दी जा रही है, जो अन्य किसानों के लिए असमानता और कठिनाइयों का कारण बन रहा है । ऐसे पीक सीजन में, जब किसानों को खाद की अत्यधिक आवश्यकता है, बाजार से डीएपी खाद ही गायब हो गई है, जिससे उनकी स्थिति और अधिक जटिल हो गई है । माननीय मंत्री जी से मेरा विनम्र आग्रह है कि किसानों को समय पर खाद मुहैया करायें और सरकारी वितरण केंद्रों पर हो रही कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करें । साथ ही, छोटे और जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे समय पर अपनी फसल की बुवाई कर सकें ।